## खबर संक्षेप

### सुचारू रूप से होगी नीट(यूजी) की परीक्षा

**यमुनानगर।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी नई दिल्ली द्वारा जिले में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में 3 मई को नीट(यूजी) परीक्षा 2026 को सुचारू रुप से संपन्न करवाए जाने के लिए सभी प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। परीक्षा के लिए जिलाधीश प्रीति ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश प्रीति द्वारा जारी आदेशों परीक्षा केंद्रों के अंदर और आसपास के फोटोस्टेट मशीनों, साइबर कैफे, मोबाइल फोन,लैपटॉप, वाईफाई और अन्य व्यक्तिगत हॉटस्पॉट के संचालन, परीक्षा केंद्रों के आस पास लोगों के गैरकानूनी जमावड़े और अन्य अवांछित गतिविधियों आदि पर प्रतिबंध लगाया है।

### कार की टक्कर से पलटा ऑटो, 11 लोग घायल

**यमुनानगर।** कैल कलानौर बाईपास हाईवे पर करेड़ा चौक के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से ऑटो पलट गया। जिससे ऑटो में सवार सभी 11 लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। गांव करेड़ा खुर्द बाग का माजरा निवासी अनिल कुमार ने बताया कि वह बुधवार को ऑटो में सवार होकर परिवार के सदस्यों के साथ रस्म क्रिया में के लिए जिला अंबाला के गांव मंगलोई में जा रहे थे। जब वह करेड़ा चौक के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रही कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया।

### भाकियू ने मनाया विश्व मजदूर दिवस

**रादौर।** भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान संजू गुंदयाना द्वारा वीरवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। उन्होंने बताया कि विश्व मजदूर दिवस की शुरुआत अमेरिका के शिकागो में 1 मई 1886 में हुई थी। इस दिन अमेरिका के लाखों मजदूरों ने 8 घंटे काम करने की मांग को लेकर एक साथ हड़ताल शुरू की थी। अमेरिका में इस हड़ताल के दौरान कई मजदूरों की जान चली गई थी। कई मजदूरों की जान जाने के बाद ही उनको उनका हक मिला था। हड़ताल के दौरान शिकागों की एक मार्केट में विस्फोट हो गया था। जिसके बाद पुलिस ने मजदूरों पर गोली चलाई और कई मजदूरों की जान चली गई थी। जिसके बाद सरकार को मजदूरों की मांगें पूरी करनी पड़ी थी। दुनियाभर के मजदूरों को सम्मान देने के लिए तब से एक मई को पूरी दुनिया में मजदूर दिवस मनाया जाता है।

विधायक ने नगर निगम, पीडब्ल्यूडी व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

# बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मियों के साथ करूंगा डिनर, सम्मान भी होगा: अरोड़ा

**10.35 करोड़ से बनने वाले रिवर फ्रंट का कार्य कर दिया गया है अलॉट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। नगर निगम कार्यालय में बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते विधायक घनश्याम दास अरोड़ा। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम कार्यालय के नए भवन का लगभग 106 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है। जल्द टेंडर लगाया जाएगा। 10.35 करोड़ की लागत से बनने वाले रिवर फ्रंट का कार्य अलॉट हो गया है। जल्द ही इसका शिलान्यास कराकर काम शुरू किया जाएगा। उक्त शब्द यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने नगर निगम, पीडब्ल्यूडी व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की निगम कार्यालय में आयोजित बैठक में कहे।

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि प्रदेश भर में यमुनानगर ऐसा शहर है जो बेसहारा पशु मुक्त है। शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर हुई है। अधिकतर कचरा प्वाइंट (जीवीपी) खत्म कर दिए गए हैं। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने मौके पर अधिकारियों से विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने सफाई व्यवस्था में सुधार, कचरा प्वाइंट खत्म करने और विभिन्न विकास कार्यों को लेकर नगर निगम के अधिकारियों की सराहना की। विधायक अरोड़ा ने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को वह अपने साथ डिनर कर सम्मानित करेंगे। इस दौरान बैठक में नगर निगम कार्यालय के नए भवन, रिवर वाटर फ्रंट, स्टॉर्म वाटर लाइन, हमीदा हेड पार्क, कैल कचरा निस्तारण प्लांट में निर्माणाधीन शेड व एमआरएफ सेंटर, दड़वा डेयरी कॉम्प्लेक्स से पानी निकासी के स्थाई समाधान, बाड़ी माजरा सड़क निर्माण, खजूरी रोड निर्माण, हमीदा सामुदायिक केंद्र, निर्माणाधीन ओपन एयर थिएटर एवं ऑडिटोरियम समेत विभिन्न परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक अरोड़ा ने अधिकारियों ने सभी परियोजनाओं की अपडेट ली। उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था, प्रॉपर्टी आईडी की त्रुटियों के दुरुस्तीकरण, पार्कों के सौंदर्यीकरण, ड्रेनेज सिस्टम व स्ट्रीट लाइट व्यवस्था पर चर्चा की।

**106 करोड़ से बनेगा निगम कार्यालय का नया भवन**

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि नगर निगम कार्यालय का नया भवन डीसी कैंप ऑफिस के सामने बनाया जाएगा। भवन निर्माण का 106 करोड़ रुपये का अनुमान तैयार कर लिया गया है। भवन की प्रॉपर्टी आईडी व रजिस्ट्री तैयार कराई जा रही है। जल्द ही भवन निर्माण के लिए टेंडर लगाया जाएगा। पश्चिमी यमुना नहर किनारे रिवर वाटर फ्रंट का 10.35 करोड़ रुपये का कार्य अलॉट हो गया है। जल्द ही शिलान्यास कर कार्य शुरू कराया जाएगा। हमीदा हेड के करीब 6.13 करोड़ की लागत से 9 एकड़ जमीन में बनाए जा रहे भव्य पार्क की बाउंडरी के लिए पिलर तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। दिसंबर माह तक हमीदा हेड के पास भव्य पार्क विकसित होगा। रेलवे लाइन के नीचे से निकलने वाली स्टॉर्म वाटर लाइन का रेलवे द्वारा जल्द कार्य शुरू किया जाएगा। 52.87 करोड़ रुपये की लागत से सेक्टर 17 के पास गुरु नानक पुरा कॉलोनी में ओपन एयर थिएटर और अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य लगभग 60 प्रतिशत हो गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लाभ शहरवासियों को जल्द मिलेगा। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता दिनेश गाबा, पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता पुनीत मित्तल, सहायक अभियंता मृणाल जैयसवाल, सुरेंद्र दहिया, राजेश शर्मा, सीएसआई हरजीत सिंह व सीएसआई विनोद बेनीवाल आदि मौजूद रहें।

## मेयर ने की विकास कार्यों की जांच अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

**सुमन बहमनी बोलीं- रेहड़ी व फड़ी विक्रेताओं को वेंडिंग जोन में शिफ्ट करें**



यमुनानगर। सेक्टर 17 में विकास कार्यों का निरीक्षण करतीं मेयर सुमन बहमनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मेयर सुमन बहमनी ने वीरवार को जगाधरी के सेक्टर.17 में करोड़ों रुपये की लागत से चल रहे विकास कार्यों और मनोहर वेंडिंग जोन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ पार्षद पार्षद प्रियंक शर्मा भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मेयर ने निर्माणाधीन सड़कों और नालियों के कार्यों का बारीकी से जायजा लिया और निर्माण की गुणवत्ता की जांच की और रेहड़ी विक्रेताओं को वेंडिंग जोन में व्यवस्थित तरीके से शिफ्ट कराने के अधिकारियों निर्देश दिए।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि शहर में चल रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार ही पूरे हों। निरीक्षण के दौरान मेयर ने अधिकारियों से निर्माण सामग्री की गुणवत्ताए कार्य की प्रगति और समयसीमा को लेकर भी जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कहीं किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मनोहर वेंडिंग जोन में निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को वेंडिंग जोन में पानी, बिजली, शौचालयों व डस्टबिन की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क किनारे खड़े रेहड़ी और फड़ी विक्रेताओं को व्यवस्थित तरीके से वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। कहा कि वेंडिंग जोन में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए, जिससे रेहड़ी.पटरी वालों को भी बेहतर वातावरण मिल सके।

पार्षद प्रियंक शर्मा ने कहा कि सेक्टर.17 में विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं और इनके पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों से क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है।

# गोवर्धन योजना किसानों और ग्रामीणों के लिए लाभदायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। बीडीपीओ कार्यालय में बैठक में भाग लेते सरपंच व अधिकारी।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत रादौर के बीडीपीओ कार्यालय में सरपंचों व अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी जसविंदर बांगड़ ने अध्यक्षता की।

उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी जसविंदर बांगड़ ने बताया कि गांव सढ़ूरा में गोवर्धन प्रोजेक्ट लगाया गया है। जिसमें एक सामूहिक गोबर गैस प्लांट से ग्रामीणों को गैस व खाद उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गोबरधन योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। योजना से किसान और ग्रामीण लाभ उठा सकते हैं। जो ग्रामीण क्षेत्रों में पशु गोबर, जैविक कचरे को बायोगैस, जैविक खाद व ऊर्जा में बदलने पर केंद्रित है। बताया कि यह प्रोजेक्ट स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण का हिस्सा है। यह किसानों व ग्रामीणों को लाभ प्रदान करने का काम करेगा। उन्होंने बताया कि यह योजना 2018 में शुरू हुई थी। जिसमें ग्राम पंचायतें गोबर व कृषि अवशेषों को एकत्र कर बायोगैस प्लांटों में संसाधित करती हैं। मौके पर गांव सढ़ूरा के सरपंच जसविंदर ने कहा कि ग्राम पंचायत सढ़ूरा दूसरी ग्राम पंचायतो के लिए आदर्श बनेगी और गांव को नंबर वन बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। क्योंकि इस प्रोजेक्ट से आय सृजन गोबर बेचने से किसानों को अतिरिक्त कमाई, स्वच्छता व पर्यावरण कचरा प्रबंधन से जहां गांव में साफ सफाई रहेगी, वहीं , खाद से कृषि उत्पादकता बढ़ेगी।

## स्वराज पब्लिक स्कूल में छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। स्वराज पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में वीरवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा आठवीं व नौवीं की छात्राओं, उनके अभिभावकों के लिए सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर, एचपीवी वैक्सीन पर जागरूक किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य उपस्थित लोगों को शुरुआती रोकथाम, समय पर टीकाकरण, समग्र स्वास्थ्य व स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। सत्र में यमुनानगर के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुश बग्गा, दामला के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धीरज व काउंसलर संजीव कुमार सहित चिकित्सा विशेषज्ञों की एक टीम ने छात्राओं व उनके अभिभावकों के साथ बातचीत की किया। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के कारणों, लक्षणों, रोकथाम व एचपीवी वैक्सीन के महत्व पर बहुमूल्य जानकारियां सांझा कीं। इस सत्र में प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से चर्चाओं में भाग लिया और अपनी शंकाओं का समाधान किया। प्रधानाचार्य ज्योति नागपाल सेठी ने चिकित्सा टीम के प्रयासों की सराहना की। स्वास्थ्य संबंधी इस अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर छात्राओं व अभिभावकों को जागरूक करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

## भाकियू (चढूनी) ने अमेरिका से ट्रेड डील के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए भाकियू से जुड़े किसान।

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) से जुड़े किसानों ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में वीरवार को लघु सचिवालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने अमेरिका के साथ होने वाली ट्रेड डील को रद्द करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। वीरवार सुबह भाकियू (चढूनी) के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना के नेतृत्व में सैंकड़ो किसान अपने हाथों में यूनियन के झंडे लेकर जिला सचिवालय के समक्ष पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद किसान रोष मार्च निकालते हुए जिला सचिवालय में पहुंचे और प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। संजू गुंदियाना ने कहा कि भारत में अन्नदाता कहलाने वाला किसान कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है।

# आध्यात्म तनाव और चिंताओं का एकमात्र समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन प्रभु की महिमा श्रवण करते श्रद्धालु।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा शहर में आयोजित की जा रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथाव्यास एवं साध्वी कालिंदी भारती ने श्रद्धालुओं को जीवन में आध्यात्म के महत्व को समझाया। मौके पर भजनों के माध्यम से कथाव्यास ने प्रभु का गुणगान किया।

कथाव्यास एवं साध्वी कालिंदी भारती ने फरमाया कि आज समाज में की ज्वलंत समस्याओं ने विकराल रूप धारण कर लिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग तकनीक और सुख सुविधा का युग तो है। लेकिन विडंबना यह है कि इसी युग में मनुष्य सबसे अधिक अशांत और तनावग्रस्त है। आज के प्रतिस्पर्धी युग में मानसिक तनाव और चिंताएं एक अदृश्य महामारी का रूप ले चुकी हैं। जो व्यक्ति की कार्यक्षमता और जीवन की गुणवत्ता को दीमक की तरह चाट रही हैं। साध्वी ने फरमाया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में हर आठ में से एक व्यक्ति किसी न किसी मानसिक विकार से जूझ रहा है। भारत में भी लगभग 15 प्रतिशत लोग मानसिक स्वास्थ्य सहायता की आवश्यकता महसूस करते हैं। साध्वी कालिंदी भारती ने स्पष्ट किया कि मानसिक तनाव, डिप्रेशन और निरंतर चिंता अब केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं रह गई है। बल्कि यह एक वैश्विक सामाजिक संकट बन चुकी है। चिकित्सा विज्ञान भी यह स्वीकार करता है कि 90 प्रतिशत शारीरिक बीमारियां जैसे उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और मधुमेह कहीं न कहीं मानसिक तनाव से ही उत्पन्न होती हैं। कथाव्यास एवं साध्वी कालिंदी भारती ने फरमाया कि तनाव को मूक्त करने के लिए जब आधुनिक चिकित्सा इस आंतरिक शून्य को भरने में विफल होती है। तब अध्यात्म ही सबसे अचूक औषधि के रूप में सामने आता है। यह वह अस्त्र है जो हमारे अनियंत्रित विचारों और भविष्य की असुरक्षा के जाल को काट देता है। कथा के तीसरे दिन मुख्य यजमान के रूप में सुरेश गुप्ता, चांदराम और अशोक चावला ने पूजन किया। वहीं, गुरुदेव कुमार, साहिल कुमार ,नरेन्द्र देवी,नितिन कपूर, रमेश धारीवाल,भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा,वरुण बत्रा,संजय गर्ग,अमर सिंह, बनारसी दास,मोहन वर्मा व चौधरी रवि कुमार आदि ने प्रभु की पावन आरती में भाग लिया।

गुरु नानक खालसा कॉलेज के भारोत्तोलन केंद्र में खिलाड़ियों को किट वितरित

# सैनिक से कम नहीं होता खिलाड़ियों का योगदान : डॉ. सुहैल

**भारतीय खेल प्राधिकरण ने दो लाख रुपये का दिया अनुदान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। किट प्राप्त करने के बाद स्टाफ सदस्यों के साथ खुशी जताते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

गुरु नानक खालसा कालेज यमुनानगर के खेलो इंडिया भारोत्तोलन केंद्र में खिलाड़ियों के लिए किट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में खिलाड़ियों को किट वितरित की गई। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में गुरु नानक खालसा ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के सीईओ डॉ. पीर जीएन सुहैल ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। जबकि अध्यक्षता गुरु नानक खालसा कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने की। मौके पर भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा दो लाख रुपये की अनुदान राशि दी गई। जिससे खिलाड़ियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन मिला। मुख्यातिथि डॉ. पीर जीएन सुहैल ने कहा कि एक खिलाड़ी का योगदान किसी सैनिक से कम नहीं होता है। उन्होंने कहा कि भले ही परिणामों का जश्न मनाया जाता है। लेकिन निरंतर प्रयास ही सफलता की असली नींव होते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के लिए खेल रियायत नीति लागू करने हेतु गुरु नानक खालसा शिक्षण संस्थाओं के चेयरमैन सरदार रणदीप सिंह जौहर का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर भारोत्तोलकों आर्यन, चिराग, दिया, गुरनूर सिंह, हार्दिक, हार्दिक शर्मा, मानस, मानवी, पियूष, सारिका पंवार,सार्थक, सक्षम, सौरभ धीमान, उजाला, अदिति, गुरबाज सिंह, खुशप्रीत, मनिंदर सिंह, सीमा, नवदीप ढ़ल्लिो, तनवीर, मैहक, सार्थक गोड, दीपेश, दिविशा, नैतिक, गौरांश, प्रिंस व यश को किट वितरित की गई। मौके पर कालेज प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने कहा कि इससे खिलाड़ियों का कॉलेज के साथ जुड़ाव मजबूत होगा और खेलों में उनकी भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि अनुदान राशि का उपयोग जिम और भारोत्तोलन उपकरणों की खरीद के लिए किया गया। जिनमें स्वीडिश लीडर 2.0, हाइपर एक्सटेंशन बेंच तथा वेटलिफ्टिंग सेट शामिल हैं। इससे केंद्र की प्रशिक्षण सुविधाओं को और मजबूत किया गया है। मौके पर डॉ. संजय विज ने मुख्यातिथि समेत अन्य का धन्यवाद किया। इस अवसर पर कालेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के संकाय सदस्य व भारोत्तोलन कोच सुरजीत सिंह और योगेश व नवनीत आदि मौजूद रहे।

## महिला को होटल ले गए दो युवक, किया दुष्कर्म

- पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की एक कॉलोनी में दो युवकों ने बहला कर महिला को होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपियों ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर की एक कॉलोनी निवासी 29 वर्षीय महिला ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गुलफान के साथ जान पहचान थी। आरोपी उससे अकसर फोन पर बात करता था। 12 अप्रैल को आरोपी गुलफान ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी वहां पर अपने दोस्त रिंकू के साथ वहां आया। दोनों आरोपी उसे बहला फुसला कर छछरौली क्षेत्र में एक होटल में लेकर गए। जहां दोनों आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपियों ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी उसे वापस छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी उसे ब्लैकमेल कर उसके साथ संबंध बनाने का दबाव बनाने लगे। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

